राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–85/2024

राज्यपाल ने स्व० चन्द्रशेखर की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 17 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चन्द्रशेखर की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में बहादुर हाउसिंग कॉलोनी, पार्क नं०–02, कंकड़बाग, पटना में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अन्य लोगों ने भी स्व० चन्द्रशेखर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं स्व० चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....